तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024



09 साहित्यकार पोखनलाल की दो कृतियों का हुआ विमोचन





10 भाजपा के राज में प्रदेश अपराध का गढ़ बन रहा है






## खबर संक्षेप



### बच्चों का नापतौल कर मनाया वजन त्योहार

पलारी। नगर स्थित हैलो किड्स स्कूल में विगत दिनों बच्चों का वजन मापकर वजन त्योहार मनाया गया। इस दौरान बच्चे भी उत्साहित नजर आए। स्कूल हेड भाग्यश्री साहू ने सभी बच्चों का बारी बारी वजन तौलकर कार्यक्रम सम्पन्न कराया।

### अपराध व अवैध कारोबार पर अंकुश लगाना प्राथमिकता

**गोपालपुर।** सरसींवा अंतर्गत अपराध व अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए थाना प्रभारी भगवती प्रसाद कुर्रे द्वारा लोगों से सहयोग की अपील की है। सरसींवा थाना व चौकी अंतर्गत लगभग 98 गांव शामिल हैं। थाना प्रभारी श्री कुर्रे पदभार ग्रहण करने के बाद से उच्चाधिकारियों के निर्देशन पर थाना प्रभारी बढ़ते अपराधों पर अंकुश लगा रहे हैं। कोई भी अपराध सूचना मिलने पर थाना प्रभारी तत्काल अपने टीमों को लेकर कार्रवाई कर रहे हैं।

### संजीवनी एक्सप्रेस 108 के स्टाफ को दी ट्रेनिंग



**बलौदाबाजार।** जिला चिकित्सालय बलौदा बाजार में शनिवार को संजीवनी एक्सप्रेस 108 के स्टाफ का सीएमएचओ के निर्देशानुसार फर्स्ट स्टेट ट्रेनिंग रेड क्रास सोसाइटी द्वारा दी गई। मेडिकल ऑफिसर सिमगा डॉक्टर साहिल द्वारा फर्स्ट ट्रेड ट्रेनिंग दी गई । विदित है संजीवनी एक्सप्रेस 108 में दो स्टॉफ होता है। ईएमटी इमरजेंसी मेडीकल टेक्नीशियन और पायलट। ट्रेनिंग में बताया गया कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में अपनी सूझबूझ का परिचय देखते हुए पेशेंट को स्पॉट से अस्पताल तक कैसे सुरक्षित पहुंचाया जाए।

### तालाब में डूबने से मौत

**महासमुंद।** खल्लारी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम आंवराडबरी के तालाब में एक व्यक्ति के डूबने से उनकी मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार आंवराडबरी निवासी मृतक लोकनाथ ध्रुव (57 वर्षीय) दोपहर में राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 353 स्थित सड़क किनारे के तालाब में नहाने गया था। इस दौरान वह व्यक्ति नहाते के दौरान कमल फूल तोड़ने के लिए गहरे पानी में चला गया। वह कमल के फूल तोड़ते हुए पानी के अंदर कमल फूल पत्तों के नीचे की लंबी डंडियों और रेशों में फंस गया। जिससे बाहर नहीं निकल पाया और पानी में डूबने उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें जब बाहर निकाला गया। वहीं ग्रामीणों की सूचना पर खल्लारी पुलिस मौके पर पहुंच, पंचनामा कर पोस्टमार्टम करा कर शव को परिजनों को सौंप दिया है। इस पूरे घटनाक्रम की विवेचना खल्लारी पुलिस द्वारा की जा रही है।

### अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर हाइवे किनारे स्थित चीनी ढाबा गड़बेड़ा में दबिश देकर 22 पौवा देशी और विदेशी शराब कीमत 2780 रुपए को जब्त किया है। आरोपी मुकेश पांडे के विरुद्ध धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

# न्यायालय में चालान पीडीएफ व ऑनलाइन होगा प्रस्तुत, कम्प्यूटर पर कार्य करना सीखें

## पुलिस अधीक्षक ने ली जिले के समस्त कोर्ट मोहर्रिर की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कार्यालय सभाकक्ष में रविवार को पुलिस अधीक्षक ने जिले के समस्त न्यायालय में कोर्ट मोहर्रिर कार्य में तैनात पुलिस स्टाफ की बैठक ली। उन्होंने कोर्ट मोहर्रिर से कहा कि वे कंप्यूटर सीखे और आनलाइन कार्यों में दक्षता बढ़ाएं। न्यायालय में की जाने वाली समस्त प्रक्रियाएं अब ऑनलाइन माध्यमों से होगी।

■ कोर्ट से अनुपस्थित रहने पर पुलिस कार्यालय में सूचना दें

एसपी ने बैठक में न्यायालय में कोर्ट मोहर्रिर द्वारा कार्य किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा किया। साथ ही उन्होंने समंस वारंट की तमिली, आगामी समय में न्यायालय में की जाने वाली समस्त प्रक्रिया के ऑनलाइन माध्यमों से होने एवं समस्त कोर्ट मोहर्रिर को कम्प्यूटर कार्य का ज्ञान होने आदि के संबंध में बिंदुओं को ध्यान में रखने जानकारी दी। बताया गया है कि पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों को न्यायालय द्वारा जारी साक्ष्य हेतु समन पर नियत तिथि पर न्यायालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों। यदि न्यायालय में ऐसे पुलिसकर्मी अनुपस्थित रहते हैं तो इसकी सूचना पुलिस कार्यालय में देनी होगी। कोर्ट मोहर्रिर द्वारा समंस में कोर्ट साक्षी का पूर्ण नाम, उपनाम, वर्तमान व स्थाई पता, मोबाईल नम्बर लेख करने के बारे में भी निर्देशित किया गया।



### संपूर्ण प्रक्रिया हो रही आनलाइन

संपूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन होनी है। जिसके तहत समस्त कोर्ट मोहर्रिर स्टाफ को कंप्यूटर का ज्ञान होना अनिवार्य है। इसके लिए आप सभी कंप्यूटर चलाने का प्रशिक्षण प्राप्त करें। ऑनलाइन माध्यमों जैसे कि ई–साक्ष्य, सीसीटीएनएस पोर्टल की प्रक्रिया भी सिखलाई किया जाना भी अत्यंत आवश्यक है। पांच साल या इससे पुराने जितने भी मामले हैं, उनमें जारी समंस वारंट की शत प्रतिशत तामिली को प्राथमिकता के साथ करना है। उनका रिकॉर्ड पुलिस कार्यालय भेजना है।

## आयोजन : वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीएस ने ली समीक्षा बैठक

# जन्म से मृत्यु तक के सभी प्रमाणपत्रों को आवश्यक रूप से बनाएं : मुख्य सचिव

### हितग्राहियों की सुविधा का रखें ध्यान, लागत भी होनी चाहिए कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कमिश्नर और कलेक्टर की रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने निर्धारित एजेंडा पर समीक्षा की। मुख्यमंत्री द्वारा कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में दिए गए निर्देशों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जन्म से लेकर मृत्यु तक जो भी प्रमाणपत्रों की आवश्यकता होती है उन सब की उपलब्धता प्रत्येक व्यक्ति को हो जाए इसके लिए हर गांव को सेचुरेट करने के लिए रणनीति बनाने निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने श्री जैन कहा कि जन्म प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र निवास, आय, विवाह एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए। इसके साथ यह भी ध्यान रखा जाए कि प्रमाणपत्र बनवाने में हितग्राही को सुविधा हो और लागत भी कम हो। उन्होंने कहा कि पंचायतों को सहकारी समितियों से जोड़ने के अभियान में तेजी लाने के लिए अधिकारियों के साथ ही कलेक्टर भी कम से कम एक पंचायत में जाकर सहकारी समिति से जोड़ें। इसके साथ ही राज्य स्तर से भी हर जिले में एक अधिकारी पंचायत में जाकर समिति गठित करेंगे। इसी प्रकार डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए गांव के युवा सहयोग कर रहे हैं उनके उत्साहवर्धन के लिए अधिकारी स्वयं वहां पहुंचे। मुख्य सचिव ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रें में सफाई अभियान चलाने व निर्धारित लक्ष्य अनुरूप कार्यक्रम पूरा करने के निर्देश दिए।



#### पटवारियों को करें सक्रिय

उन्होंने राजस्व प्रकरणों के निराकरण में पटवारियों को सक्रिय करें। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार 5 वर्ष से अधिक समय तक एक स्थान पर पदस्थ पटवारियों की सूची तैयार करें। उन्होंने आवारा मावेशियों के कारण सड़क दुर्घटना की समीक्षा करते हुए कहा कि मवेशियों को सड़क से हटाने के लिए सडक किनारे के सूखे स्थल का चिन्हांकन कर पशुओं को वहां ले जाएं। आवारा और घुमन्तु पशुओं की पहचान के लिए उनके सींग में रेडियम पट्टी चिपकाएं।

#### नशामुक्ति नई दिशा अभियान चला रहेः कलेक्टर सोनी

कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि जिले में नशामुक्ति हेतु नई दिशा अभियान चलाया जा रहा है जिसमें समाज कल्याण विभाग एवं नशा मुक्ति केंद्र द्वारा महाविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें अब तक 6 कार्यक्रम में करीब 1400 विद्यार्थियों ने भाग लिया हैं। इसी प्रकार गौ अभयारण्य के लिए भाटापारा तहसील के सूमाभांठा का चिन्हांकन किया गया है। इसके साथ ही गौशालाओं के माध्यम से मवेशियों के व्यवस्थापन की जानकारी दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में एनआईसी कक्ष में सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंडे, एसडीएम पलारी श्रीमती सीमा ठाकुर सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## शालेय कार्य में लापरवाही पर शिक्षक तुलसीदास निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

एलबी माध्यमिक शाला खम्हरिया विकासखण्ड बिलाईगढ़ में पदस्थ शिक्षक तुलसीदास मानीकपुरी पर वित्तीय अनियमितता एवं शालेय कार्य लापरवाही बरतने संबंधी आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी। जांच प्रतिवेदन के आधार पर शिकायत सत्य पाई जाने पर तथा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा जारी संलग्नीकरण आदेश का भी पालन न करते हुए अनाधिकृत रुप से व स्वेछाचारिता अपनाकर मानिकपुरी अपने मूल पदस्थापना में अनुपस्थित पाए गए थे। शिक्षक मानिकपुरी के उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ शिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 के प्रतिकुल है। छत्तीसगढ़ शिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि मे तुलसीदास मानिकपुरी मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़ निधारित किया गया है।




■ एलबी माध्यमिक शाला खम्हरिया का मामला

## नावेद का एमबीबीएस में चयन होने पर किया गया सम्मान



**खरोरा।** अमन पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन कर नगर के होनहार छात्र नावेद फारुकी का चयन नीट के माध्यम से एमबीबीएस में मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में चयन होने पर सम्मानित किया गया। नावेद की इस सफलता पर उनके दादा डॉक्टर इजहार अहमद फारुकी वह उनके पिता इरफान फारुकी व डॉक्टर अयाज फारुकी का भी फूल माला व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

## दो घरों से नकदी, चांदी के सिक्के और मूर्ति की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लटूवा

लटुवा के खलबोरवा तालाब किनारे बने दो भाइयो के सूने मकान में शनिवार–रविवार की रात अज्ञात चोरों ने गेट का ताला तोड़ कर बेखौफ होकर चोरी की घटना को अंजाम दिया । दोनों मकान मालिक प्रीतम पैकरा और शशि पैकरा जो कि खनिज विभाग और जल संसाधन विभाग रायपुर में पदस्थ हैं। पिछले कुछ माह से घर से बाहर थे। जिसका फायदा उठाते हुए नकदी, चांदी के सिक्के और मूर्ति गहने पार कर दिए हैं। घटना में उपयोग किए औजार ले जाना भूल गए।

■ चोरों ने एक ही रात में तोड़े दो घरों के ताले

चोरी की ये घटना पहली नई है। इसके पहले भी लटुवा में बहुत लोगों के यहां चोरी हुई है। जिसमें कोई भी अपराधी आज तक पकड़ा नहीं गया। लटुवा में अलग- अलग तरह के चोरों के गैंग एक्टिव हो जाते हैं। लगातार मोबाइल की चोरी या फिर पैसे को छीना झपटी, पंखा चोर गैंग ,मंदिरों के दरवाजे चोर गैंग और बीच में तो एक मोटर पंप चोरी का गैंग एक्टिव था।



## 15 लीटर महुआ शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर में पानी टंकी के पास 15 लीटर कच्ची महुआ शराब पुलिस ने पकड़ी है। भटगांव निवासी मनोहर सारथी अपने घर के आंगन में एक जेरीकेन में 15 लीटर कच्ची महुआ शराब रखी थी, जिसकी कीमत 1500 रुपए बताई जा रही है। भटगांव थाना प्रभारी टीकाराम खटकर ने अपने स्टाफ के साथ उसके घर रेड कार्रवाई की, जिसमें कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपी मनोहर सारथी के विरुद्ध धारा 34(2) के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा गया। इसी कड़ी में भटगांव थाना स्टाफ नदी किनारे सबरिया डेरा में भी रेड कार्यवाही किया जिसमें 100 बोरी महुआ लहान व 120 लीटर महुआ शराब मिली, जिसको गवाहों के समक्ष नष्ट कर दिया गया।





## कलेक्टर ने लोगों से अभियान से जुड़कर सहयोग करने की अपील की

# डॉक्टर सहित 12 स्वास्थ्य कर्मियों ने निक्षय मित्र बन कर टीबी मरीजों को दिया प्रोटीनयुक्त पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

टीबी उन्मूलन के लिए विकासखंड के डाक्टरों सहित अन्य 12 लोग निक्ष्य मित्र बने हैं। निक्षय मित्रों ने स्वयं के व्यय पर टीबी मरीजों को प्रोटीनयुक्त पोषण आहार का वितरण किया है। देशभर में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान रोग के उन्मूलन के लिए जारी है। अभियान के तहत टीबी रोग का उन्मूलन किया जाना है। जिसमें टीबी मुक्त पंचायत बनाई जाना है। इसके साथ ही साथ अभियान में जनसमुदाय को जोड़ने और उनसे सहयोग लेने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से निक्ष्य मित्र बनने का आव्हान किया है।

■ क्षेत्र में चल रहा है टीबी मुक्त भारत अभियान

कलेक्टर दीपक सोनी ने भी जिले के अधिकारियों कर्मचारियों, व्यवसायियों, जनप्रतिनिधियों को निक्ष्य मित्र बन अपनी सामाजिक ज़म्मिदारियों के निर्वहन की अपील करते हुए इस नेक काम में सभी से सहयोग मांगा है।

निक्ष्य मित्र बन कर समुदाय के जनप्रतिनिधि, कर्मचारी, अधिकारी, उद्योग प्रतिष्ठान, गैर सरकारी संगठन, व्यापारी आदि मरीजों को सांकेतिक रूप से गोद लेकर प्रोटीन आहार के रूप में पोषण सहयोग करते ▶▶ शेष पेज 09 पर



### ऐसे फैलती है टीबी की बीमारी

टीबी हवा के माध्यम से फैलने वाला संक्रामक रोग है जो उपचार न मिलने की दशा में जानलेवा हो जाता है । दो हफ्ते से अधिक की खांसी, शाम को हल्का बुखार, छाती में दर्द, वजन में कमी, बलगम का आना, बच्चों में वजन का न बढ़ना यह कुछ ऐसे लक्षण है जो टीबी को प्रकट करते हैं । टीबी का जांच और इलाज सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध है। 6 महीने का डॉटस का कोर्स कर टीबी का मरीज पूरी तरह से ठीक हो सकता है। इलाज न करवाने पर यही संक्रमित व्यक्ति एक साल में 10-12 स्वस्थ व्यक्ति को संक्रमित कर देता है । वर्तमान में कसडोल ब्लॉक मे जनवरी से अगस्त तक 157 लोगों की दवाई चल रही है।

## परसदा में रहेगी नवरात्रि की धूम, तैयारियां शुरू

**खरोरा।** समीपस्थ गांव परसदा में शारदीय नवरात्र के अवसर पर जनकल्याण दुर्गोत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की जाएगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर है। इस अवसर पर भव्य भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा। सरपंच मिथलेश साहू ने बताया कि पिछले तीन सालों से कार्यक्रम की रुपरेखा पर चर्चा की। दुर्गा उत्सव के दौरान 5 व 6 अक्टूबर से जस गीत प्रतियोगिता, 7 अक्टूबर को सुवा नृत्य, 8 अक्टूबर को छाया चंद्राकर की प्रस्तुति होगी। 9 ▶▶ शेष पेज 09 पर




पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### पोषण के प्रति माताओं को किया जागरूक

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने शनिवार को कालीबाड़ी सेक्टर के लोगों को पोषण के प्रति जागरूक करने पोषण जागरूक माह कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ी फिल्म के अभिनेता करण खान और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुपरवाइजर विजया रायचौधरी रहे। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। श्रीमती चौधरी ने बच्चों के पोषण के लिए माताओं को प्रेरित किया।

### शहीद भगतसिंह को किया याद

**रायपुर।** शहीद भगतसिंह की जयंती अवसर पर राजधानी के शहीद भगत सिंह चौक में नगर निगम के संस्कृति विभाग ने कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर पूर्व सभापति संजय श्रीवास्तव सहित सिख समाज के गणमान्य जन व सामाजिक कार्यक्रम उपस्थित रहे।

### केंद्रीय जल संसाधन मंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** केंद्रीय जल संसाधन मंत्री सीआर पाटिल से भाजपा प्रवक्ता नलिनीश ठोकने एवं देवजी भाई पटेल ने पहुना गेस्ट हाउस में मुलाक़ात की।

### अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति की आमसभा




**रायपुर।** अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति की 23वीं वार्षिक आमसभा एक निजी होटल में शनिवार को हुई, जिसमें कर्मचारी समिति के आय-व्यय एवं लाभार्जन की स्थिति 31 मार्च तक प्रस्तुत की गई और आगामी कार्ययोजना तथा बजट का अनुमोदन किया गया। अपेक्स बैंक कर्मचारी साख समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार चौधरी ने कहा कि अपेक्स बैंक कर्मचारी सहकारी साख समिति को वर्ष 2023-24 में 4.99 लाख का सकल लाभ हुआ तथा संस्था के सदस्यों को 4.67 प्रतिशत लाभांश देना पारित किया जाएगा। इस आमसभा में जीएस ठाकुर, यामिनी वर्मा, एके लहरे, अरुण मिश्रा, प्रभाकर कांत यादव, आभा सोनी, रविंद्र यादव एवं सदस्य भूपेश चंद्रवंशी, श्रीकांत चंद्राकर, डीआर वाघमारे, श्री पात्रे, राजीव दुबे, विवेक सिंह ठाकुर, दिवाकर पैकरा, समर सिंह सोलंकी, रचना तिवारी, सुनंदा वर्मा, संदीप यादव एवं बड़ी संख्या में सदस्यों की उपस्थिति रही।

### स्वच्छता पखवाड़े में की तालाब की सफाई



**रायपुर।** रोहिणीपुरम तालाब की शनिवार को वृहद स्तर पर सफाई की गई। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर राष्ट्रव्यापी स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक जारी स्वच्छता अभियान के तहत किया गया। स्वभाव स्वच्छ-संस्कार स्वच्छ की दसवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन जोन-5 के कमिश्नर विमल शर्मा की अगवाई में किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने शासकीय, अर्धशासकीय, एवं ग्रीन आर्मी एनजीओ साथ दे रहे हैं। ज्ञात हो कि ग्रीन आर्मी टीम द्वारा विगत एक वर्ष से रोहिणीपुरम तालाब की सफाई की जा रही है। इस दौरान निशित वर्मा, संदीप वर्मा, ग्रीन आर्मी से श्याम बघेल, नारायण प्रसाद सेन, केके गनौदवाले, रघुनाथ राय, अरुण देवांगन, रवीश अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# न्याय यात्रा का हर 6 किमी में एक पड़ाव, यहां नाश्ते भोजन की रहती है व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और कांग्रेसियों की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में हर 6 किलोमीटर के बाद एक पड़ाव तय किया गया है। यहां पर नाश्ता, चाय और दोपहर में भोजन की व्यवस्था के लिए स्थानीय निवासियों का सहयोग और स्थानीय विधायक और जनप्रतिनिधियों की मदद से की जा रही है। रात्रि विश्राम के लिए जो स्थान तय किया गया है वहां लोक गीत और मनोरंजन के लिहए स्थानीय कलाकारों के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। न्याय यात्रा में साथ में चल रहे कांग्रेस कार्यकर्ता ने बताया कि न्याय यात्रा के पहले रूट के संबंध में स्थानीय विधायक और कांग्रेस के जन प्रतिनिधियों से चर्चा कर स्थल चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज आम कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करते हुए चल रहे है। गांव-गांव में ग्रामीणों के द्वारा उनके न्याय यात्रा का स्वागत किया जा रहा है। यात्रा में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रस्सी का घेरा बनाकर पीसीसी अध्यक्ष विधायक और अन्य लोग यात्रा के दौरान चलते हैं। सुबह यात्रा शुरू होने से पहले पीसीसी अध्यक्ष वहां के मंदिर में पूजा करने के बाद ही अपनी यात्रा की शुरूआत करते हैं। यात्रा रवाना होने के पूर्व सेवादल के कार्यकर्ता झंडा वंदन, ध्वज गीत और राष्ट्र गीत, राष्ट्रगान का गायन कर निकलते हैं। पीसीसी अध्यक्ष सहित यात्रा में शामिल होने वाले कार्यकर्ता भी इसमें भाग लेते हैं।

**स्थानीय लोगों की मदद से रसोईये तैयार करते हैं खाना, पीसीसी अध्यक्ष कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए चलते हैं पैदल**

#### 2000 कांग्रेसी स्थायी पदयात्री

यात्रा में प्रतिदिन 200 युवा कांग्रेसी, 200 एनएसयूआई कार्यकर्ता, 150 सेवादल के कार्यकर्ता, साथ ही 1500 प्रदेश भर के कांग्रेसी स्थाई यात्री के रूप में चल रहे, जो पूरे 6 दिन 130 किमी की यात्रा करेंगे। स्थानीय जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ता हजारों की संख्या में यात्रा में चल रहे है। जहां से यात्रा शुरू होती है वहां से लेकर रास्ते में कई लोग शामिल होते हैं।



#### जमीन पर गद्दा का बिछौना

रात्रि विश्राम वाले स्थान यात्रा शुरू होने से पहले ही तय किए गए थे। इनमें कुछ स्थानों पर निजी स्कूल भवनों को रात्रि विश्राम के लिए चुना गया है। यहां पर जमीन पर गद्दा डालकर कांग्रेसी विश्राम करते हैं। यहां स्थायी रूप से चल रहे कांग्रेसियों के लिए व्यवस्था की गई है। स्थानीय लोग पद यात्रा के बाद अपने-अपने घर लौट जाते हैं। अलग-अलग कमरों में संख्या के हिसाब से इसकी व्यवस्था की गई है। यहां पर नेता और कार्यकर्ता सुविधानुसार आपस में सहयोग कर अपनी यात्रा का यादगार बनाने का प्रयास करते हैं।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान पर नगर निगम का विविध आयोजन

# विद्यार्थियों ने निकाली साइकिल रैली, शिवानंद नगर में स्वच्छता परमो धर्म पर सजाई रंगोली





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सेवा ही स्वच्छता अभियान की कड़ी में नगर निगम के अलग-अलग जोन कमिश्नरी की ओर से शहर के स्कूल-कालेज के विद्यार्थियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और आम जनता के सहयोग से लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सप्रे शाला के विद्यार्थियों ने स्वच्छ साईक्लाथन में बूढ़ातालाब के नए परिक्रमा पथ मार्ग पर साइकिल रैली निकाली। बैनर-पोस्टर लेकर उत्साह के साथ विद्यार्थी शामिल हुए। शिवानंद नगर के डैजल स्कूल में परमो धर्म थीम पर छात्राओं ने सुंदर रंगोली सजाई। देवेन्द्र नगर के आदर्श स्कूल में गीत, नृत्य और लघु नाटिका पेश कर सफाई का संदेश दिया गया।

■ रोहणिपुरम तालाब की सफाई कर श्रमदान

आदर्श विद्यालय देवेंद्र नगर में स्कूली बच्चों ने स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सफाई की अहमियत बताई। घरों के आसपास को साफ-सुथरा रखने गीत और नृत्य के माध्यम से प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी बात कही। जोन 2 सहायक उपअभियंता पीडी धृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी के साथ विद्यालय परिवार कार्यक्रम में शामिल हुआ।

नगर निगम जोन 4 के स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ मार्ग पर स्वच्छ साइक्लाथन का आयोजन किया गया। इसमें माधवराव सप्रे स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लेकर साइकिल रैली निकाली। स्वच्छता परमो धर्म की थीम पर आधारित रैली में पर्यावरण संरक्षण के संदेश देते बैनर पोस्टर आकर्षण का केन्द्र बने। कार्यक्रम में जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव, स्वच्छ भारत मिशन शाखा के कार्यपालन अभियंता रघुमणि प्रधान, सहायक अभियंता योगेश कड़ू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र चंद्राकर की उपस्थिति रही।

#### सोनडोंगरी बीएसयूपी कालोनी में सफाई अभियान

नगर निगम जोन 8 ने सोनडोंगरी बीएसयूपी कालोनी में शनिवार को सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर रहवासियों ने स्वच्छ पर्यावरण रखने सामूहिक शपथ ली। परिसर को साफ-सुथरा करने में सफाई मित्रों के विशेष गैंग का सहयोग रहा। पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के तहत बीएसयूपी आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन में सामूहिक शपथ दिलवाई।

#### रोहणिपुरम तालाब की सफाई के लिए श्रमदान

नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य विभाग ने एनआईटी के सहयोग से क्लब के साथ मिलकर रोहणीपुरम तालाब की सफाई कर कचरा उठवाया। तालाब की सफाई कार्य में सफाई मित्रों की सहभागिता रही। श्रमदान के कार्यक्रम में डॉक्टर आशीष कुमार दास, डॉक्टर सौम्या अग्रवाल, नगर निगम जोन 5 स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, सहयोग क्लब के सदस्य शामिल रहे।

# पीएम सूर्य घर योजना में अब उधार के पैसों से भी लगेंगे सोलर पैनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में प्रदेश में एक साल में 25 हजार घरों में सोलर पैनल से बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य तय किया गया है।

छह माह में महज सात हजार आवेदन ही आए हैं, वहीं अब तक करीब 400 घरों की छतों पर ही सोलर पैनल लगाकर बिजली का उत्पादन प्रारंभ किया गया है। कम उपभोक्ताओं के रुझान के पीछे एक बड़ा कारण पैसों की कमी भी है। ऐसे में अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने उपभोक्ताओं को बैंकों से ऋण दिलाकर सोलर पैनल लगाने की तैयारी की है। यानी अब उधार के पैसों से भी योजना का लाभ मिल सकेगा। इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक दो लाख तक का ऋण सात फीसदी ब्याज दर पर देने के लिए तैयार हैं। तीन किलोवाट पर करीब दो लाख तक का खर्च आ जाता है।

■ उपभोक्ताओं को अब बैंकों से सात फीसदी ब्याज पर दो लाख तक का ऋण दिलाने की तैयारी

केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देश भर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है।

#### कम आवेदनों के कारण चिंता

प्रदेश में इस योजना में अप्रैल से अब तक करीब सात हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। अब तक करीब चार सौ घरों में संयंत्रों की स्थापना की जा चुकी है। बाकी में संयंत्र लगाने की प्रक्रिया चल रही है। अब तक कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी को अपने लक्ष्य को लेकर चिंता है। यही वजह है अब उपभोक्ताओं को ऋण दिलाने की तैयारी है। पॉवर कंपनी ने समस्त सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों की बैठक की। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकर्स ने बताया उन्हें 7 प्रतिशत की ब्याज दर पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 3 किलोवाट तक के सोलर पॉवर प्लांट लगाने हेतु ऋण देने के निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। बैंक शाखाओं में उपभोक्ताओं को सरलता के साथ ऋण प्रदान करने के इंतजाम किए गए हैं। निजी बैंकों द्वारा यह बताए जाने पर कि उन्हें मुख्यालय की ओर से इसके लिए अभी निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। उन्हें कहा गया कि वे भी अपने-अपने मुख्यालय स्तर से भारत सरकार की इस योजना में सहयोग करने तथा 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण सुविधा देने की पहल करे।



# ग्राम टंडवा हाईस्कूल का शौचालय क्षतिग्रस्त छात्र-छात्राएं खुले में जाने के लिए मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में शुक्रवार को तिल्दा ब्लाक के ग्राम टंडवा स्थित हाईस्कूल के शौचालय का मामला भी उठा। पंचायत सदस्य राजू शर्मा ने यह मामला उठाते हुए कहा कि शासकीय स्कूलों में एक ओर जहां विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर टंडवा हाईस्कूल में जर्जर होकर क्षतिग्रस्त हो चुका शौचालय की मरम्मत तक नहीं की जा रही है। इसके कारण मजबूरी में बच्चों को स्कूल के बाहर खुली जगहों पर लघुशंका एवं शौच के लिए जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि स्कूल में जल्द से जल्द शौचालय की मरम्मत एवं रंगाई कराने की मांग की। इस पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने जल्द से जल्द स्कूल में शौचालय की मरम्मत कराने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए।

■ जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में उठा मामला

#### स्कूल में 350 बच्चियां फिर भी आवेदन को स्वीकृति नहीं

जिला पंचायत सदस्य राजू शर्मा ने बताया कि स्कूलों की मरम्मत के लिए जिले के स्कूलों से कमरों, शौचालय सहित अन्य कार्य के लिए आए आवेदनों को स्वीकृति दी गई है। टंडवा हाईस्कूल से भी शौचालय निर्माण के लिए आवेदन किया गया था, लेकिन इसकी स्वीकृति नहीं दी गई है, जबकि इस स्कूल में 750 बच्चे पढ़ते हैं। इनमें 350 छात्राओं की संख्या है। ऐसे में क्षतिग्रस्त हो चुके शौचालय के कारण बच्चियों को स्कूल के बाहर खुले मैदान में जाना पड़ता है।

# बिना बारिश के होगी रेनी सीजन की विदाई, बढ़ी गर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिस्टम के कमजोर होने के बाद गतिविधि कम होने की वजह से बारिश के मौसम की विदाई बिना बरसात के होने के आसार है। अगले तीन दिन तक प्रदेश में एक दो स्थानों पर बूंदाबांदी होने की संभावना है। आसमान साफ होने की वजह से शनिवार को गर्मी ने असर दिखाया और शहर का पारा 34 डिग्री तक पहुंच गया है।

■ बादल छंटते ही तापमान 34 डिग्री पर पहुंचा

मौसम विभाग के विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य में बंगाल की खाड़ी और अरब सागर से नमी का प्रवेश जारी है। इसकी वजह से यहां बारिश की गतिविधि अक्टूबर में रहने की संभावना है। फिलहाल सिस्टम के कमजोर होने की वजह से एक जून से 30 सितंबर के रेनी सीजन के अंतिम दिनों में भारी बारिश की संभावना नहीं है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में वर्षा की गतिविधि में कुछ कमी है और बरसात की अच्छी स्थिति बलरामपुर जिले के चांदो में सात सेमी. बारिश दर्ज की गई थी। शनिवार को दिन में प्रदेश में वर्षा की गतिविधि ना के बराबर रही। शहर में बादल छंटने की वजह से दिन का अधिकतम तापमान डेढ़ डिग्री अधिक होकर 34 तक पहुंच गया। आज दोपहर धूप की तेजी की वजह से गर्मी का अहसास होता रहा है।



#### जिले में सात सेमी. कम वर्षा

मौसम विभाग के आंकड़े के अनुसार रायपुर जिले में रेनी सीजन की औसत से सात सेमी. तक बारिश हुई है। यहां 30 सितंबर की स्थिति में 1051 मिमी. वर्षा दर्ज की जाती है मगर इस बार 982 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। सितंबर के महीने में रायपुर में बादल 220 मिमी. तक बरसे है जो पिछले साल की तुलना में कम है।


# हार्ट ट्रांसप्लांट करने ऑपरेशन थिएटर निर्माण की धीमी चाल, डेढ़ साल में केवल ढांचा बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हार्ट ट्रांसप्लांट की शुरुआत करने शासकीय अस्पताल में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम धीमी गति से चल रहा है। करीब डेढ़ साल पहले शुरू हुए काम के बाद केवल ढांचा खड़ा हो पाया है। हार्ट से संबंधित सर्जरी के लिए ओटी निर्माण में दो करोड़ रुपए खर्च किया जाना है।

जानकारी के अनुसार ऑपरेशन थियेटर का निर्माण सीजीएमएससी के माध्यम से किया जा रहा है। इसके लिए कक्ष बनाने का काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के पीछे बनाए जाने वाली इस योजना को करीब दो साल पहले मंजूरी दी गई थी और डेढ़ साल से काम ही पूरा नहीं हो पाया है। दावा किया जा रहा था कि नए ओटी के माध्यम से दिल के सरकारी अस्पताल में ज्यादा संख्या में ऑपरेशन किए जा सकेंगे। इसके साथ आर्गन डोनेशन के तहत यहां हार्ट ट्रांसप्लांट की सुविधा भी प्रारंभ की जा सकेगी। जो राज्य में किसी भी चिकित्सकीय संस्थान में नहीं है। अभी एसीआई में एक ऑपरेशन थियेटर है जिसके माध्यम से सर्जरी की जाती है। चिकित्सकों के मुताबिक दिक्कतें तब ज्यादा होती है जब दो मरीजों का ऑपरेशन करना पड़ता है। नया निर्माण पूरा होने के बाद इस तरह की परेशानी नहीं होगी मगर योजना पूरी होने का नाम ही नहीं ले रही है।

■ एसीआई के बीच दो करोड़ की लागत से बनाया जाना है मॉड्यूलर ओटी



#### ज्यादा सर्जरी होगी

ऑपरेशन थियेटर का काम पूरा होने के बाद ज्यादा से ज्यादा सर्जरी की जा सकेगी। इसका लाभ हृदय की बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को मिलेगा।

- डॉ. कृष्णाकांत साहू, सर्जन सीटीवीएस, आंबेडकर अस्पताल

#### तीन दिन पहले शुरू हुआ काम

ऑपरेशन थियेटर बनाने का काम तीन दिन पहले शुरू हुआ है। प्रस्तावित स्थल पर मौजूद मजदूर ने बताया कि बारिश की वजह से काम पर पूरी तरह ब्रेक लग गया था। बरसात बंद होने के बाद ठेकेदार द्वारा काम शुरू करने के लिए उन्हें फिर से बुलाया है। सिविल वर्क पूरा होने के बाद मॉड्यूलर ओटी के लिए उपकरण सहित अन्य खरीदी के लिए प्रक्रिया पूरी की जाएगी जिसमें काफी वक्त लगने की संभावना है।

#### एबीजी किट नहीं, हार्ट सर्जरी अटकी है

एसीआई में ऑपरेशन के दौरान खून में ऑक्सीजन की स्थिति नापने के लिए की जाने वाली जांच के लिए जिस एबीजी किट का उपयोग होता है उसकी उपलब्धता अब तक पूरी नहीं हो पाई है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्री से लेकर विभागीय अधिकारियों द्वारा निर्देश जारी किया जा चुका है मगर अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसकी वजह से ओपन हार्ट सर्जरी बंद हो चुकी है। डाक्टर फिलहाल वहां हृदय की नसों के ब्लाकेज खोलने अथवा ट्यूमर हटाने ऑपरेशन कर रहे हैं।

**कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग ने एफआईआर दर्ज कराने जारी किया आदेश**

# दुकान में चावल-शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज, नोटिस के बाद भी भरपाई नहीं की, 6 संचालकों पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



जिले के 6 राशन दुकान के संचालकों के खिलाफ अब एफआईआर दर्ज होगी। इन सभी संचालकों की दुकानों में सवा दो साल पहले आवंटन की तुलना में भारी मात्रा में चावल के अलावा शक्कर एवं नमक का शॉर्टेज पाया गया था। इन सभी संचालकों को नोटिस जारी कर शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि जमा करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी इनके द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न की भरपाई नहीं की गई, जिसके बाद इन सभी दुकानों को आरआरसी जारी कर संपत्ति कुर्की का आदेश जारी किया गया था, लेकिन इस आदेश के बाद भी अब तक इन दुकानों से रिकवरी नहीं की गई है। खाद्य विभाग ने अब कलेक्टर के निर्देश पर इन दुकानों के संचालकों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने का आदेश जारी किया है।

**3 दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश:** खाद्य विभाग ने इन सभी दुकानों के संचालकों के विरुद्ध तीन दिन के भीतर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए है। यह आदेश 27 सितंबर को जारी किया गया है। 28 एवं 29 सितंबर को अवकाश के कारण अब तक किसी भी संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हो पाया है। संभावना जताई जा रही है कि सोमवार को सरकारी दफ्तर खुलते ही संचालकों के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्ज कराया जाएगा।

#### इन दुकान संचालकों पर होगी एफआईआर

जिन 6 दुकानों के संचालकों पर एफआईआर होना है। उनमें क्रमशः जय हिंद प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार रायपुर आईडी क्रमांक-401001080, ग्राम पंचायत गुखेरा आरंग आईडी 442003058, ग्राम पंचायत छटेरा आरंग आईडी 442003054, ग्राम पंचायत बड़गांव आरंग आईडी 442003113, ग्राम पंचायत भलेरा आरंग आईडी 442003060 एवं ग्राम पंचायत मांठ तिल्दा आईडी 442004042 शामिल है।

#### अन्य दुकान संचालकों पर भी एफआईआर कराएंगे

शॉर्टेज खाद्यान्न की रिकवरी करने के लिए दुकान संचालकों को कई बार नोटिस जारी किए। इसके बाद आरआरसी जारी किया। इसके बाद भी संचालकों द्वारा शॉर्टेज खाद्यान्न के बदले राशि लौटा नहीं रहे हैं। 6 संचालकों के खिलाफ एफआईआर कराने आदेश जारी किया है। इसके बाद अन्य संचालकों के खिलाफ भी केस दर्ज कराएंगे।

-भूपेंद्र मिश्रा,
जिला खाद्य नियंत्रक रायपुर

# आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन सोशल मीडिया के माध्यम से दिखाएंगे इंफ्लुएंसर




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साइंस कॉलेज मैदान पर 5 एवं 6 अक्टूबर को नो योर आर्मी मेले में आर्मी के शौर्य का प्रदर्शन होगा। इस प्रदर्शन को इंफ्लुएंसर के माध्यम से सोशल मीडिया में भी देखने को मिलेगा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रायपुर के इंफ्लुएंसर से चर्चा करते हुए सेन्य प्रदर्शन मेले को सफल बनाने अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया। कलेक्टर ने इंफ्लुएंसर से सुझाव भी मांगे। कलेक्टर ने बताया कि इस अवसर पर स्कूलों में आर्मी थीम पर क्विंज एवं आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न नवाचारों के माध्यम से आर्मी मेले का प्रचार-प्रसार कर युवाओं को दिखाए जाएंगे। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर कीर्तिमान सिंह राठौर, स्मार्ट सिटी के सीओ उज्जवल पोरवार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### रविवि हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ छात्रों ने की शिकायत

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के हॉस्टल अधीक्षक के खिलाफ आजाद हॉस्टल के छात्रों ने लिखित शिकायत की है। मयंक वर्मा, अमन प्रधान तथा अन्य छात्रों ने रविवि की प्रिवेंस कमेटी के अध्यक्ष, सांसद तथा मंत्री सहित अन्य लोगों को भेजे गए पत्र में कहा है कि छात्रावास अधीक्षक एवं बायोटेक्निक विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. कमलेश शुक्ला द्वारा छात्रों को विभिन्न तरीके से प्रताड़ित किया जाता है और विरोध पर कैरियर खत्म करने की धमकी दी जाती है। छात्रों ने चेतावनी दी है कि अगर छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### एम्स में मनाया गया विश्व रेबीज डे

**रायपुर।** एम्स में शनिवार को विश्व रेबीज दिवस मनाया गया, जो रेबीज की रोकथाम और नियंत्रण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के वैश्विक प्रयासों का हिस्सा है। इस वर्ष के विश्व रेबीज दिवस का विषय 'रेबीज की सीमाओं को तोड़ना' है, जो वन हेल्थ दृष्टिकोण को उजागर करता है, जिसमें मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण क्षेत्रों के बीच सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया गया है, ताकि रेबीज का मुकाबला किया जा सके। इस अवसर पर अस्पताल के ओपीडी पंजीकरण क्षेत्र में सामान्य चिकित्सा विभाग के संक्रामक रोग विभाग द्वारा एक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रोग के बारे में लोगों की शंकाओं का समाधान करने के लिए प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रो. एली महापात्रा, डॉ. रेणु राजगुरु, डॉ. सरिता अग्रवाल, डॉ. विनय आर. पंडित शामिल थे।

### शनिदेव मंदिर कोटा में मनोकामना ज्योति 3 से

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर शनिदेव मंदिर मारुति लाइफस्टाइल के सामने मेनरोड कोटा में भक्तों की मनोकामना पूर्ण करने के लिए नवग्रह शांति मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की जा रही है, जिसका पंजीयन भक्त मंदिर परिसर में करा सकते हैं। इस वर्ष शारदीय नवरात्रि 3 से 11 अक्टूबर तक मनाई जाएगी। शनि पुजारी विकास शर्मा ने यह जानकारी दी।

### मां धूमावती सिद्धपीठ में ज्योति कलश स्थापना 3 को

**रायपुर।** शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में मां धूमावती आत्मकल्याण मनोकामना ज्योति कलश स्थापना व प्रज्ज्वलन 3 अक्टूबर को सुबह 11.36 बजे से 12.24 के मध्य शुभ मुहूर्त पर होगा। यह जानकारी मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने देते हुए बताया कि नवरात्रि पर्व पर मां धूमावती की साधना, भाराचना, उपासना के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सभी भक्त 3 अक्टूबर तक ज्योति कलश स्थापना करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि देवशयनकाल सृष्टिपालन कारिणी अंतिम उपाय मां धूमावती द्वारा कालसर्प दोष, मांगलिक दोष, राहू-केतु, शनि सहित नवग्रह कुप्रभाव, कलह, दरिद्रता, दुर्भाग्य, अलक्ष्मी, रोग निवारण एवं सौभाग्य, सफलता, स्थायित्व, समृद्धि, न्याय, संतान जैसे मनवांछित फल प्राप्ति सहित आत्मकल्याण के लिए विशेष मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे।

## पेज 7 के शेष

### डॉक्टर सहित 12 ...

हैं। यह सहयोग उनके अपने निजी व्यय से होता है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कसडोल के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविशंकर अजगले के प्रोत्साहन से डॉक्टर सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारियों ने निक्ष्य मित्र बन कर टीबी के मरीजों को पोषण सहयोग प्रदान किया । पोषण सहयोग किट में मुख्यतः प्रोटीन युक्त सामग्री दी गई। बीएमओ रविशंकर अजगले एवं डॉ. राकेश प्रधान, डॉ. चंद्रकांत कुर्रे, डॉ. अनुशिखा झा सहित ब्लॉक से 12 लोग निक्ष्य मित्र बने हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व कसडोल में मितानिनों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भी मरीजों को गोद ले पोषण सहायता दी है।

### परसदा में रहेगी ...

अक्टूबर जसझांकी नारधा दुर्ग, 10 अक्टूबर प्रदेश स्तरीय सामूहिक डांस प्रतियोगिता, 11 अक्टूबर माँ शक्ति जगराता ग्रुप राजा तालाब रायपुर की प्रस्तुति होगी।

# एक माह के भीतर 84 बदमाशों का खुला गुंडा रजिस्टर, अब तक सूची में 97 शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

राजधानी सहित जिले में बढ़ते अपराध के ग्राफ को कम करने एसएसपी डॉ. संतोष सिंह के निर्देश पर सभी थानों की पुलिस गुंडे बदमाशों की नए सिरे से सूची तैयार करने लगी है। आठ महीने में पुलिस रिकार्ड में 97 नए गुंडा बदमाश शामिल किए गए हैं। उनमें से 84 नए गुंडा बदमाश एक महीना के भीतर शामिल किए गए हैं। इसके साथ ही पुलिस ने नए 19 गुंडा बदमाशों को निगरानी सूची में शामिल किया है। गौरतलब है कि राजधानी में पिछले कुछ समय से बदमाश अपनी सक्रियता का परिचय देते हुए कई गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पकड़े जाने तथा जेल से आने के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी ने जिले के सभी थानों को नए गुंडा बदमाशों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए।

**हर सप्ताह जांच करने टार्गेट :** अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी ने सभी थानों को बदमाश तथा अड्डेबाजी करने वालों की जांच करने टार्गेट दिया है। साथ ही गुंडा बदमाशों की सूची में शामिल बदमाशों को जरूरत के हिसाब से थाना तलब कर उनसे अनिवार्य रूप से पूछताछ करने तथा निगरानी बदमाशों की नियमित जांच करने निर्देश दिए हैं।

## शहर की शांति भंग करने वाले बदमाशों की संख्या 697 पहुंची

### आदतन बदमाश निगरानी सूची में

पुलिस ने बदमाशों की जो निगरानी सूची तैयार कर 19 नए बदमाशों को शामिल किया है, उनमें से ज्यादातर बदमाश चोरी के आरोपी हैं, जो जेल से छूटने के बाद भी पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। निगरानी बदमाशों की सूची में चाकूबाजों को भी शामिल किया गया है।

### 11 बदमाश तड़ीपार 10 लाइन में

अपराध पर अंकुश लगाने पिछले आठ महीने में 11 बदमाशों को तड़ीपार किया गया है। इसके साथ ही पुलिस ने 10 और बदमाशों की सूची तैयार कर तड़ीपार करने जिला दंडाधिकारी के पास फाइल भेजी है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष पुलिस ने महज चार बदमाशों को तड़ीपार कराने में कामयाबी हासिल की थी।


फाइल फोटो

### लगातार कार्रवाई

अपराध पर अंकुश लगाने पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। महिला संबंधी अपराध पर सख्ती से अंकुश लगाने निर्देश दिए गए हैं। निजात अभियान के तहत मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सभी तरह के अपराध में कमी दर्ज की गई है।

\- डॉ. संतोष सिंह, एसएसपी

## बोरियाकला में 400 फ्लैट, पिरदा में 300, कचना में 100 और देवपुरी के हिमालयन हाईट्स में 100 फ्लैट

# शहर के आउटर में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने बनाए 1000 से ज्यादा आवास, 9 साल से वीरान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा वर्ष 2015 से 2018 के दौरान शहर के आउटर इलाके में आम जनता के लिए सर्वसुविधा युक्त 1000 से ज्यादा बहुमंजिला आवास 4 अलग-अलग लोकेशन पर बनाये गये, पर इनमें से ज्यादातर आवास 9 साल बाद भी वीरान पड़े हैं। इनमें से पिरदा गांव में बनाये गये 300 फ्लैट शामिल हैं, जो इसलिए नहीं बिक रहे, क्योंकि ये मुख्य मार्ग से बहुत अंदर बनाये गये हैं। इनमें 12 से 13 लाख की लागत वाले 2 बीएचके फ्लैट और 22 से 23 लाख वाले 3 बीएचके फ्लैट शामिल हैं। वहीं बोरियाकला में 800 में से 400 फ्लैट ऐसे हैं, जो सालों से खाली पड़े हैं।

हाउसिंग बोर्ड द्वारा शहर से लगे बोरियाकला, कचना, देवपुरी, पिरदा गांव के पास लोगों को किफायती दर पर सुविधा युक्त आवास उपलब्ध कराने 1000 से ज्यादा 2 बीएचके और 3 बीएचके फ्लैट्स का निर्माण कराया गया। इनमें से कई फ्लैट अब बदरंग होने लगे हैं। खाली पड़े फ्लैट्स के एक अरसे से ताले नहीं खुले।



### बोरियाकला में 800 फ्लैट, 400 खाली पड़े

बोरियाकला में गृह निर्माण मंडल ने 6 साल पूर्व 800 बहुमंजिला फ्लैट लोगों को पक्का व सुविधायुक्त आवास उपलब्ध कराने निर्माण करवाया। इसमें से 400 फ्लैट बिक गये, बाकी के 400 फ्लैट सालों से खाली पड़े हैं, जिनके सालों बाद खरीदार नहीं मिले। बोर्ड के अधिकारियों का कहना है इसके लिए नया प्रपोजल लाकर फ्लैट को सेल करेंगे।

### कचना में 100 और देवपुरी के हिमालयन हाईट्स में 100 फ्लैट्स खाली

नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कचना में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्मित 100 फ्लैट खाली पड़े हैं, इसी तरह देवपुरी के हिमालयन हाईट्स में निर्मित 100 बहुमंजिला फ्लैट्स बिक नहीं पाए।

### पिरदा में 300 फ्लैट नहीं बिक पाए, वजह ट्रेंचिंग ग्राउंउ की बदबू

मंदिर हसौद मार्ग पर गांव पिरदा गांव के समीप छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने इस उम्मीद से 800 बहुमंजिला फ्लैट्स का निर्माण कराया कि शहर के विस्तार के साथ यहां बनाये गये आवास की मांग बढ़ेगी, पर निर्माण के 9 साल बाद भी इनमें से महज 400 फ्लैट बिक पाए। बाकी के 400 फ्लैट वीरान पड़े हैं। जानकारों का कहना है, इसकी एक बड़ी वजह ये है, हाउसिंग बोर्ड ने पिरदा में ऐसे स्थान पर अपना प्रोजेक्ट लाया, जो मुख्य मार्ग से बहुत अंदर है। इसलिए कई खरीदार अंदर जाना नहीं चाहते। दूसरी बड़ी वजह ये है कि जिस समय पिरदा में हाउसिंग बोर्ड ने बहुमंजिला आवासीय परिसर बनाया, उस समय आसपास बसाहट कम थी, पर बाद में पिरदा से महज 300 मीटर की दूरी पर नगर निगम ने कचरा डंप करने सकरी में ट्रेंचिंग ग्राउंड बनवा दिया। यहां शहरभर का कूड़ा कचरा ठेका कंपनी रोज डंप करती है। इसके कारण बदबू से ज्यादातर लोग यहां मकान खरीदने से हिचकते हैं। जिन्होंने पहले से यहां फ्लैट लिया, वे भी कचरे की दुर्गन्ध के कारण परेशान हैं।

# ओडिशा से गांजा तस्करी कर ला रहे तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पकड़े गए गांजा तस्कर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पुलिस, क्राइम ब्रांच तथा नारकोटिक्स सेल की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर ओडिशा से गांजा तस्करी कर ला रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से पुलिस ने 15 लाख रुपए से ज्यादा कीमत का 63 किलो गांजा कार सहित जब्त किया है।

पुलिस के मुताबिक गांजा तस्करी करने के आरोप में रायपुर निवासी कमलेश तेलाशी तथा महासमुंद निवासी अजय कुमार, प्रमोद सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार कमलेश को एक्सप्रेस वे ओवर ब्रिज के पास गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। कमलेश ने पूछताछ में बताया कि उसके दो अन्य साथी महासमुंद के रास्ते गांजा लेकर रायपुर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने जोरा ओवर ब्रिज के पास घेराबंदी कर अजय तथा प्रमोद को पकड़ा। कार की डिक्की की तलाशी लेने पर गांजा मिला। पूछताछ में तस्करों ने पुलिस को बताया कि वे ओडिशा से गांजा लाए थे। तस्कर रायपुर में गांजा किनको देने के लिए लाए थे, पुलिस इस संबंध में आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# नेवता की प्राथमिक शाला में कराया गया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



समीपस्थ ग्राम नेवधा के प्राथमिक शाला में स्वर्गीय बाबूलाल वर्मा के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर उनकी धर्मपत्नी श्रीमती फिरंतीन बाई वर्मा द्वारा न्योता भोज कराया गया। बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन के रुप में विद्यार्थियों को खीर,पूड़ी,बड़ा,सब्जी एवं केला परोसा गया। शाला परिवार की ओर से इस कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। शासन का न्योता भोज योजना बच्चों के पौष्टिक आहार के लिए सार्थक साबित हो रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय शारदा स्व–सहायता समूह के अध्यक्ष गायत्री निर्मलकर, सचिव रत्ना वर्मा,राम बाई गुजर, इन्द्रानी निर्मलकर संस्था प्रमुख चिन्ता राम धीवर एवं शिक्षक संजू निर्मलकर,विजय वर्मा,किशन दास वैष्णव, रामेश्वर देवांगन शिक्षिका सुमित्र ध्रुव एवं नंदनी वर्मा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक धरमपाल डहरिया प्रेमलता वर्मा , सुरेश वर्मा,जानकी वर्मा विशेष रुप से उपस्थित थे।

# साहित्यकार पोखनलाल की दो कृतियों का हुआ विमोचन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



नगर पंचायत पलारी के साहित्यकार पोखन लाल जायसवाल की दो कृतियों विमर्श के कसौटी म समकालीन छत्तीसगढ़ी साहित्य एवं कविता संग्रह उसके हिस्से का विमोचन किया गया। शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य, स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवधर महंत के आतिथ्य एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जेम्स की अध्यक्षता, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. उमाकांत मिश्र एवं गीतकार डॉ. रामकुमार साहू मयारू के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. ए. के. उपाध्याय, डॉ. सी. के. चंद्रवंशी, डॉ. रीता यादव, डॉ. राजेन्द्र वर्मा एवं अंचल के कवि पूरन लाल जायसवाल, नेहरू लाल यादव, शोधार्थी एवं नवोदित कवि दीपक तिवारी, उत्तम वर्मा सहित एम. ए. हिन्दी के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

### उद्योग विभाग में 26 कर्मचारियों की पदोन्नति

**रायपुर ।** उद्योग विभाग में 26 अफसरों के पदोन्नति के आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में जिन पदों के लिए पदोन्नति की है, उनमें महाप्रबंधक से मुख्य महाप्रबंधक, सहायक प्रबंधक से प्रबंधक और सहायक संचालक से उप संचालक के पद पर पदोन्नत किया गया है। जारी आदेश में चिंता राम टेकाम महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र बालोद को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर, संजय राणे उप संचालक उद्योग संचालनालय को मुख्य महाप्रबंधक सीएसआईडीसी रायपुर और खिस्तोफर केरकेटटा प्रभारी उप मुख्य महाप्रबंधक उद्योग केंद्र रायपुर को मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर में पदस्थ किया गया है। वहीं ए श्रीधर राव सहायक प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र बिलासपुर को प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बिलासपुर, मीनेश कुमार पटेल कुलेश्वर कुमार उईके सहायक प्रबंधक जिला एवं व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर को प्रबंधक जिला व्यापार उद्योग केंद्र रायपुर पदस्थ किया गया है।

## मोवा ओवरब्रिज से लेकर विधानसभा तक सड़क का जुलाई में किया गया था नवीनीकरण

# ढाई माह में नई सड़कें उखड़ने लगीं, समतल नहीं होने से लहर एवं जंप मार रहीं गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






बारिश के पूर्व राजधानी रायपुर के विभिन्न इलाकों में सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण का काम किया गया। इन सड़कों में मोवा ओवरब्रिज से लेकर विधानसभा जाने वाले मार्ग की सड़क का भी नवीनीकरण किया गया। इस काम को हुए अभी तीन माह भी नहीं हो पाया है और इन सड़कों का डामर उखड़ने लगा है। ओवरब्रिज की सड़क पर कई जगह डामर की मोटी परत उखड़ चुकी है, जिससे वहां हल्के गड्ढे हो गए हैं। वहीं ब्रिज के बाद सिग्नल चौक से अंबुजा माल से आगे तक सड़क के नवीनीकरण करने में लापरवाही बरती गई है, जिससे सड़क समतल नहीं होकर उसकी मोटाई कम-ज्यादा हो गई है। इस कारण इस सड़क पर आवागमन करने वाली गाड़ियां कहीं लहरा रही हैं, तो कहीं जंप मार रही हैं।

हरिभूमि ने शनिवार को ओवरब्रिज मोवा से लेकर विधानसभा तक सड़कों का मुआयना किया। इस दौरान ओरब्रिज की सड़क काफी जर्जर हालत में मिली, जबकि इस सड़क का नवीनीकरण ढाई माह पूर्व ही किया गया था। ब्रिज में कई जगह सड़क का डामर बारिश से उखड़ चुका है। कहीं-कहीं तो मोटी परत उखड़ गई है, जिसके कारण बारिश होने पर वहां पानी का ठहराव भी होता है। यह स्थिति ब्रिज के आगे सिग्नल चौक से लेकर विधानसभा तक देखने को नहीं मिली। इस मार्ग पर डामर अभी तक उखड़ा नहीं है, लेकिन नवीनीकरण के दौरान सड़क को समतल करने में यहां लापरवाही बरती गई है। ठेकेदारों ने सड़क के नवीनीकरण के दौरान डामर की मोटाई कहीं ज्यादा कहीं कम कर दी है। इसके कारण सड़क एक समान समतल नहीं होकर पानी की लहर की तरह कहीं नीचे-कहीं ऊपर है। इसके कारण यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को गाड़ी चलाने में परेशानी भी आ रही है। एक बराबर सड़क नहीं बनने से वाहन कहीं जंप करते हैं, तो कहीं लहर मारते हैं।

### विधायक ने कहा-जांच होनी चाहिए

जिला पंचायत रायपुर की सामान्य सभा की बैठक में भी इस मुद्दे पर चर्चा हो चुकी है। रेडक्रास भवन में शनिवार को हुई बैठक में जिले की जर्जर सड़कों के एजेंडे पर चर्चा चल रही थी। इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि दो माह पूर्व ही मोवा सिग्नल चौक से विधानसभा रोड का भी नवीनीकरण किया गया है, लेकिन यहां काम में लापरवाही बरती गई है। सड़क एक समान समतल नहीं है, जिससे यहां से गुजरने वाली गाड़ी जंप या लहर मारती है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच कर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया गया काम

इन सड़कों का नवीनीकरण का काम पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा कराया गया है। सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के पूर्व इन सड़कों का नवीनीकरण का काम हुआ है। सत्र को देखते हुए पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने नवीनीकरण का काम जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिए थे। इस निर्देश के तहत ठेकेदार ने कुछ दिनों के भीतर ही आनन-फानन में यह काम पूर्ण करा लिया था।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# भाटापारा में रामलीला के ऐतिहासिक मंचन का 105 वां वर्ष नवरात्रि में शुरू होगा

## प्रदेश की सबसे प्राचीन एवं ऐतिहासिक रामलीला का होगा मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश की सबसे प्राचीन एवं एतिहासिक रामलीला का मंचन बलौदाबाजार-भाटापारा जिला के भाटापारा नगर में आयोजित की जाती है, जिसका मंचन प्रतिवर्ष नवरात्र पक्ष में किया जाता है जो इस वर्ष भी आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा आगामी नवरात्र के प्रथम दिवस 3 अक्टुबर से किया जाएगा। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के सदस्यों ने बताया कि यहां रामलीला समिति का गठन ब्रिटिश काल में सन 1920 में स्थापित किया गया था, तब से रामलीला का मंचन हो रहा जिसका आगामी 3 अक्टुबर 2024 से आरंभ होने वाला रामलीला मंचन का 105 वें वर्ष का मंचन शंकर वार्ड स्थित रामलीला मैदान के मंच पर किया जाएगा जो 13 अक्टुबर 2024 तक 11 दिनों तक मंचन होगा । दशहरा उत्सव एवं रावण वध की लीला के साथ पुरे रामचरित मानस के आधार पर संपुर्ण रामायण का संक्षिप्त मंचन रावणभाटा मैदान भाटापारा में 12 अक्टुबर को दशहरा पर्व पर आयोजित होगा।

### नन्हे बच्चों की कलाकारी की है विशेषता

भाटापारा की रामलीला में 7 से 10 साल के बच्चे करते है अभिनय और बोलते हैं फरार्टेदार रामलीला के संवाद। इस रामलीला में 10 वर्ष का बच्चा कर रहा है लक्ष्मण का पात्र अभिनय। वहीं 2री से लेकर 12 तक के बच्चे अधिकतर रामायण के किरदार को निभाते है जिसमें राम, लक्ष्मण,सीता, रावण, हनुमान, कुंभकर्ण जैसे अनेक किरदारो को जीवंत करते हुए शानदार रामायणों के संवादों को बोलते हुए मंचन करते है।





### वर्तमान में ये कलाकार कर रहे रामलीला संचालित

बाल कलाकार आदित्य जोशी राम, लक्ष्मण वासु शर्मा, वैभव तिवारी,हनुमान लव शर्मा, सीता धरमपाल सोनी, रावण श्याममल, कुंभकर्ण अभि अग्रवाल, खर-दुशण लक्ष्य चौरसिया, आदित्य सोनी,जामवंत-दशरथ सागर जायसवाल, अंगद हर्ष गुप्ता,सुग्रीव काव्यांश शर्मा,संपाती-समुद्र मंगल मिश्रा, नारद व सुशैन शौर्य मिश्रा, परशुराम अक्षत जोशी, भरत अग्रांश शर्मा एवं नमन मल, मुकुल शर्मा, जयमल, गब्बर शर्मा, शुभ केशरवानी, संस्कार शर्मा, अकर्श केशरवानी, कार्तिक शर्मा, वीर शर्मा एवं वरिष्ठ कलाकारो में मनोज पिंटी गुप्ता, कोमल शर्मा, जगदीश वैष्णव, आयुश तिवारी शामिल है। वहीं व्यासगद्दी प्रमुख रामलीला अध्यक्ष प्रकाश शर्मा, धन्जी भाई जोशी, देवनारायण लाला शर्मा, रामजी जोशी एवं मुख्य प्रबंधन सुर्यकांत बाबु शुक्ला, सहसचिव बजरंग लाल चौरसिया, कोषाध्यक्ष संदीप मोनू मल, हेमंत मल, राहूल तिवारी, सिद्धांत जाधव, राहूल जोशी, विनय ठाकुर, अमित मिश्रा, अभिनव तिवारी, साजसज्जा कार्य मे शिवनारायण गुप्ता, आदित्य गुप्ता एवं अन्य सदस्यों द्वारा सम्मिलित हो रामलीला संचालित किया जाता है।

रामलीला में नारदमोह, मुनिआगमन, धनुशयज्ञ, वनवास, सीताहरण, जटायुमरण, शबरी प्रसंग, रामसुग्रीव मित्रता, बालीवध, लंकादहन, विभिशण-शरणागति, अंगदरावण संवाद, लक्ष्मणशक्ति, मेघनाथ वध, कुंभकर्ण वध, अहिरावण वध, राजतिलक जैसी लीलाओ का मंचन कर भगवान राम के मर्यादा पुरषोत्तम चरित्र को दिखाया जाता है और धर्मसंस्कृति का प्रचार किया जाता है। आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा द्वारा मंचित रामलीला का साहित्य अनोखे तरिके से तैयार किया गया है जिसमे गोस्वामी तुलसीदास कृत श्रीरामचरितमानस मुख्य आधार है, इसके अलावा यहां बोले जाने वाले संवादो में राधेश्याम रामायण, आर्य संगीत रामायण, रामचरित्र दर्पण रामायण, वसुनायक रामायण, ज्वालाप्रसाद कृत श्रीरामायण, नाट्य रामायण, हिन्दी रामायण, नथाराम गोंड संगीत रामायण, राधेश्याम पंडित कृत नाट्य जैसे अनेको साहित्य के मंथन और विशेषज्ञों व जानकारो द्वारा अनुवादीत हिन्दी के मिश्रण से रामलीला मंचन के लिए साहित्य तैयार किया गया है ।

## खबर संक्षेप

### श्रम मंत्री से मुलाकात कर जताया आभार

**महासमुंद।** भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र सिका ने छत्तीसगढ़ शासन के श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। श्रम विभाग द्वारा जितने भी मजदूर श्रमिक पंजीकृत हितग्राहियों को पुनः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने श्रमिक मजदूरों को 49 करोड़ की सौगात दी है। कांग्रेस की कांग्रेस सरकार द्वारा 5 साल तक पंजीकृत श्रमिक मजदूरों को सारे योजनाओं के लाभ से वंचित रखने का काम किया तथा लोगों का शोषण करते रहे। जिसके चलते बीते पांच सालों तक छत्तीसगढ़ की जनता कांग्रेस सरकार से त्रस्त हो चुकी थी। भाजपा सरकार बनने के पश्चात युवा, कृषक, मजदूर एवं महिलाओं के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए सरकार ने अनेक जनहित योजनाओं को प्रारंभ किया, जिसमें से एक पंजीकृत श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम किया गया। महेंद्र सिका ने मंत्री को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना की जानकारी देकर योजना के बारे में अवगत कराया। मंत्री लखन लाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में दाल भात सेंटर सुचारू रूप से प्रारंभ करवाने का आश्वासन दिया।

### घोयनाबाहरा में श्रीमद भागवत कथा 3 से

**नर्रा।** ग्राम घोयनाबाहरा (कोमाखान) में प्रचारक समिति ग्रामवासी संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय ईष्ट पितृ की स्मृति में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 3 से 9 अक्टूबर तक किया गया है। कथावाचक भागवताचार्य पं. दिलीप त्रिपाठी होंगे। कथा रसपान दोपहर 2 बजे से संध्या 6 बजे तक होगा। 3 अक्टूबर गुरुवार को जल यात्रा, गौरी पूजा, 4 अक्टूबर शुक्रवार को चौंबीस अवतार सती, कथा 5 अक्टूबर शनिवार वामन जन्म कथा, 6 अक्टूबर रविवार कृष्ण राम जन्म दही लूट, 7 अक्टूबर सोमवार, रूखमणी विवाह प्रद्युमन जन्म, 8 अक्टूबर मंगलवार सुदामा चरित्र तुलसी वर्षा, 9 अक्टूबर बुधवार को परिक्षित मोक्ष यज्ञ भंडारा प्रसादी वितरण होगा। भद्भागवत कथा प्रचारक समिति के नीलकंठ दीवान भूपेंद्र साहू, भुनेश्वर ठाकुर, मानसिंह ठाकुर, तूफान दीवान, दिलीप साहू आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

### छात्रों को कराया गया औद्योगिक भ्रमण

**नर्रा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्रा में संचालित व्यावसायिक शिक्षा के दोनों ट्रेड ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड हार्डवेयर के छात्रों को विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में औद्योगिक भ्रमण कराया गया। संस्था के प्राचार्य सुबोध तिवारी ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा के अंतर्गत छात्रों को उनके ट्रेड से संबंधित व्यवहारिक एवं प्रायोगिक ज्ञान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर इंडस्ट्रियल विजिट एवं ग्रीष्म काल में ऑन जॉब ट्रेनिंग कराया जाता है। दोनो ट्रेड के प्रशिक्षक जयंत साहू (ऑटोमोबाइल) एवं अरविंद ठाकुर (इलेक्ट्रॉनिक एंड हार्डवेयर) के मार्गदर्शन में छात्रों को बिजली उपकेंद्र सबस्टेशन नर्रा और न्यू गुरुनानक ऑटो कोमाखान में छात्रों का उनके ट्रेड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से औद्योगिक भ्रमण कराया गया।

## समस्या : गड्ढों में घुटनों तक भरा पानी, बाइक सवार हो रहे चोटिल

# खुड़मुडी-बोरसी मार्ग जर्जर, जगह-जगह गड्ढे व नुकीले पत्थर से ग्रामीण हैं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

विकासखण्ड कसडोल के खुड़मुडी पंचायत से बोरसी मार्ग में 10 किलो मीटर सड़क मार्ग तक की हालत बद से बदतर स्थिति में है, जिसमें बड़े- बड़े गड्ढों में घुटनों तक पानी भरे होने के कारण रोजाना कई मोटर साईकिल वाले गिर कर चोटिल हो जा रहे हैं। खुड़मुड़ी, डाढ़ाखार, कटवाझर, बकला से अंधिकांश छात्र-छात्राएं साइकिल से ही शिक्षा लेने बोरसी व विकासखंड मुख्यालय कसडोल स्कूल-कॉलेज आईटीआई पढ़ने के लिए आते हैं। लेकिन सड़क में जगह- जगह गड्ढे एवं सड़कों से मुरूम पूरी तरह से निकल जाने के कारण रोड के ही नुकिले पत्थर से प्रतिदिन 10 से 20 गाड़ी पंचर हो रहे हैं। रोड खराब होने के कारण कभी भी स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ या राहगीर के साथ सड़क हादसा हो सकता है। आपको बता दे कि यह 10 किलोमीटर का सड़क का आधा हिस्सा सोनाखान परिक्षेत्र तो आधा हिस्सा लवन रेंज में आता है, साथ ही पर्यटन स्थल बारनवापारा अभ्यरण के 20-30 गांवों को ब्लाक मुख्यालय कसडोल से जोड़ने वाली मुख्य मार्ग है। इस मार्ग के समीप ही पर्यटकों का आकर्षण केन्द्र कूटन नाला भी है जहां रोजाना प्रकृति की मनोरम दृश्य देखने दूर-दूर से आवाजाही बना रहता है साथ ही इस रास्ते से ही प्रभु श्री राम जी का वनगमन लवकुश जन्म स्थलीय तुरतुरीया जाने के लिए शासन द्वारा निर्धारित किए गए हैं।





### हर रोज 500 से अधिक लोगों की रहती है आवाजाही

इसमें हर रोज लगभग 500 से अधिक सायकल, मोटर सायकल, चारपहीया वाहन का आवागन होता है, अंचल के छात्र-छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए खुड़मुड़ी से बोरसी तक समस्त गड्ढों एवं रोड में झांक रहे पत्थर को मुरूम से अविलंब सुधार करवाने के लिए खुडमुडी के समाज सेवक चन्द्रकुमार पैकरा ने शासन प्रशासन से जल्द उक्त मार्ग को दुरुस्त करने की अपील किया है।

### मरम्मत कराई जाएगी

आपके माध्यम से जानकारी संज्ञान में आया है। बरसात बंद होने के बाद रिपेयरिंग किया जायेगा।

**-सुनीत साहू,** रेंजर सोनाखान परिक्षेत्र

# ग्रामीण अंचल में अवैध शराब की बिक्री से युवा नशे की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



क्षेत्र में शराब कोचियों के माध्यम से खुलेआम अवैध शराब विक्रय किया जा रहा है। जिसकी जानकारी अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने के चलते चौक चौराहों में अवैध शराब गांजा के बिक्री धडल्ले से हो रही है। ग्रामीण इलाको में अवैध शराब ने अपनी इस कदर पैठ जमा ली है की इसकी चपेट में युवा और नाबालिक बच्चे भी आ रहे हैं। वहीं गांव में चल रहे अवैध शराब की बिक्री की वजह से इन्हें आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

ग्रामीण क्षेत्र हथबंध, सीतापार, डोंगरिया खिलोरा, रिंगनी, पौसरी, धोधा, मोहभठठा के कोचियों तक चौपहिया वाहनों से पहुंचाया जाता है। शाम 7 बजे के बाद सार्वजनिक स्थानों बाजार चौक, पटवारी ऑफिस, आईटीआई स्कूल मैदान, बिजली ऑफिस, टिगड़ा के प्रतिक्षालय, सड़क के किनारे मदिरा प्रेमियों द्वारा खुलेआम बैठकर शराब पीते आसानी से देखे जा सकते है। ग्रामीणों द्वारा ग्राम सभा में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए जन समस्या निवारण शिविर में आवेदन भी दिया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि उनके द्वारा शिकायत करने पर अवैध कारोबार में संलग्न लोगों के द्वारा मारपीट गुंडागर्दी किया जाता है और पुलिस शिकायतकर्ता को ही निशाना बनाती है। कुछ लोगों को यह भी कहना है कि आबकारी विभाग और पुलिस एक दो लोगों पर खानापूर्ति के लिए कार्यवाही की जाती है।

राज्य सरकार ने कानून व्यवस्था को लेकर अवैध शराब, जुआ सट्टा नशाखोरी में नाराजगी व्यक्त करते हुए जिले के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए है कि अवैध शराब पर जीरो टॉलरेंस होना चाहिए लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर जीरो के समान है और कोई लगाम नहीं लगा है। उक्त सन्दर्भ में एसआई हरीश सोना ने कहा की पुलिस द्वारा लगातार आसपास थाना क्षेत्र में गस्त किया जा रहा है और कार्यवाही की जा रही है।

# नेटबाल के खिलाड़ियों को किया गया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



मेजर ध्यानचंद की स्मृति में आयोजित नेटबाल प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया है। प्रतियोगिता में 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

- तरेंगा हाईस्कूल मैदान में आयोजित की गई थी प्रतियोगिता

मेजर ध्यानचंद की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 4 सितम्बर तक खेल सप्ताह का आयोजन क्रीड़ा भारती जिला बलौदाबाजार भाटापारा द्वारा किया गया। क्रीड़ा भारती जिला बलौदाबाजार द्वारा जिला स्तरीय नेटबाल प्रतियोगिता का आयोजन 4 सितंबर को तरेंगा हाईस्कूल मैदान में किया गया। जिसमें जिलेभर से 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 17 एवं 21 वर्ष बालक बालिका वर्ग में किया गया था। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण डॉ. विकास आडिल , शैलेन्द्र नामदेव आदित्य सिंह , अनुपम सिंह दिनेश्वर साहू , हरि यादव , जावेद खान ने 29 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तरेंगा में किया।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में व्यायाम शिक्षक ने शरद पंसारी, निर्मल जांगड़े, सीनियर खिलाड़ी प्रदीप कर्ष, सुमन साहा, ओमप्रकाश, मनोज साहू, आकाश आनंद, स्वाति, चित्ररेखा, नेहा पटेल, डीकेश्वारी ने सहयोग किया ।

# कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा में शामिल हो रहे पदाधिकारी और कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के नेतृत्व में भाटापारा विधानसभा से सैकड़ों की संख्या मे कांग्रेसजन छत्तीसगढ़ न्याय पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं। श्री माहेश्वरी ने बताया कि प्रथम दिन नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव , सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम , प्रदेश के सभी विधायक, पूर्व विधायक, छाया विधायक, प्रदेश, जिला, ब्लाक, नगरीय निकाय , पंचायत , युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस आदि शामिल हो रहे है। आम जनता द्वारा जगह जगह स्वागत कर न्याय यात्र का समर्थन कर रहे है। श्री माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के मन से उतर गई है। आज चुनाव हो जाए तो भाजपा 20 सीट भी नहीं जीत पाएगी। भाजपा को जनता चुनकर पछता रही है। भाजपा सरकार अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़े वर्ग पर अत्याचार कर उन्हे झूठे मामले में जेल भेज रही है। पदयात्रा में क्षेत्र से जनपद उपाधक्ष विवेक अग्रवाल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अमर मांडवी, सिमगा अध्यक्ष कृष्ण कुमार नायक, लक्ष्मी पांडे, दीपक वर्मा, अंकुश भाटिया, दौलत बंजारे, विष्णु कोशले, संजय वर्मा राजा तिवारी ,कुंजी देवांगन बृजमोहन वर्मा , मायाराम वर्मा,रामेश्वर राव,तुलाराम बंजारे,गणपत सतनामी,सुमरण दास मानिकपुरी कपूर चंद खूंटे,त्रिलोचन वर्मा,पवन तिवारी,चुलबुल विश्वकर्मा ,मोहन यादव,उमेश यादव , जितेंद्र वर्मा, भूपेश जांगड़े,सरिता घृतलहरे आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

## कांग्रेस के न्याय यात्रा में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री

# भाजपा के राज में प्रदेश अपराध का गढ़ बन रहा है : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित न्याय यात्र के तीसरे दिन ग्राम पलारी ब्लॉक के ग्राम रोहांसी से प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। जिसमें छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, कसडोल विधायक संदीप साहू जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर एवम प्रदेश के आधा दर्जन विधायकों सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण शामिल हुए। यात्रा रोहांसी से निकलकर ग्राम सेमरिया पहुंची। जहां पर युवा कांग्रेस न्याय यात्रा प्रभारी पिंटू वर्मा, ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष हर्षू वर्मा के नेतृत्व में युवा कांग्रेस के साथियों ने सभी न्याय यात्रियों का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया।

। यात्र में रोहित साहू, मनीष चंद्राकार, सुमित्र घृतलहरे, सुनील कुर्रे, गणेश शंकर जायसवाल, हरिशंकर साहू, रज्जाक खान, यमलोक साहू, अमृत साहू, हयात खान, सौरव वर्मा, पुनीत रजक, शिवम मिश्रा, गोलू वर्मा, संदीप ठाकुर, रिंकू साहू, नवीन साहू, इंद्र कुमार वर्मा ,शिव फेकर, हेमंत वर्मा, काशी घृतलहरे, सोमनाथ यादव, हितेश देवांगन, भानुप्रताप साहू, तोमन वर्मा, तोषण साहू, गैंदराम धीवर , योगेश धीवर, सूर्यकांत तिवारी, राहुल तेली, हिमांशु वर्मा, योगेश कन्नोजे, सुरेंद्र चेलक, प्रिंस, लक्की यादव, रोहन सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए।

### डर के साये में जी रहे हैं लोग : बैज

कांग्रेस की न्याय यात्र ग्राम लटेरा पहुंची जहां मिडिया से बात करते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा की यह छत्तीसगढ़ की स्वाभिमान की यात्रा है,अन्याय के खिलाफ न्याय की यात्रा है। बीजेपी कि सरकार पूरा प्रदेश अपराध का गढ़ बनता जा रहा है। हमारा मकसद छत्तीसगढ़ को अपराध मुक्त करना है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा की भाजपा सरकार के अन्याय और अहंकार के विरुद्ध न्याय की ललकार है। लोग डर के साये में जी रहे हैं। यह यात्रा राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ विरोध प्रदर्शन है

